भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5242
दिनांक 24.03.2026 को उत्तरार्थ

महिला, भूस्वामियों के लिए स्वामित्व कार्ड

†5242. श्री मलविंदर सिंह कंगः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 के दौरान आनंदपुर साहिब में गावों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी से मानचित्रण (स्वामित्व) योजना के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) गढ़शंकर (होशियारपुर), बालाचौर (नवांशहर), चमकौर साहिब (रोपड़) और खरड़ (मोहाली) के ग्रामीण क्षेत्रों में कितने संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं;

(ग) होशियारपुर/नवांशहर गांवों में महिला भूस्वामियों के लिए स्वामित्व कार्ड के माध्यम से सक्षम किए गए बैंक ऋण लिंकेज का ब्यौरा क्या है; और

(घ) चार जिलों में सर्वेक्षण से छूटी बस्तियों में संपत्ति के सीमांकन के कार्य के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) और (ख) दिनांक18मार्च 2026तक,पंजाब में12,083अधिसूचित गांवों में से 10,283गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। 53,591संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं और 4,581संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। इसके संबंध में जिलावार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गयाहैं।

(ग) स्वामित्व योजना का मुख्य उद्देश्य आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को अधिकारों का अभिलेख प्रदान करना है। पंजाब राज्य में लाभार्थियों द्वारा लिए गए ऋण की राशि के संबंध में मंत्रालय के पास कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

(घ) ग्राम आबादी क्षेत्र का सीमांकन राज्य राजस्व विभाग द्वारा किया जाता है जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) संसाधन शामिल नहीं होते हैं।

****

अनुलग्नक-I

'महिला भू-स्वामियों के लिए स्वामित्व कार्ड'के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5242 जिसका उत्तर दिनांक 24.03.2026 को दिया जाना है,के भाग (क) और (ख) के उत्तरमें संदर्भित विवरण

जिला	**अधिसूचित गाव**	**ड्रोन उड़ान पूरा करने वाले गाँव**	**संपत्ति कार्ड तैयार किए गए गांवों की संख्या**	**तैयार किए गए संपत्ति कार्डों की संख्या**	**वितरित किए गए संपत्ति कार्डों की संख्या**
अमृतसर	697	356	0	0	0
बरनाला	116	116	0	0	0
बठिंडा	265	264	60	12602	100
फरीदकोट	151	151	20	4660	510
फतेहगढ़ साहिब	420	420	3	173	0
फाजिल्का	336	324	0	0	0
फिरोजपुर	569	552	140	11,249	0
गुरदासपुर	1160	875	117	16,815	316
होशियारपुर	1323	1222	0	0	0
जालंधर	888	813	0	0	0
कपूरथला	472	467	0	0	0
लुधियाना	839	795	0	0	0
मलेरकोटला	171	171	0	0	0
मानसा	231	231	6	1272	0
मोगा	304	301	0	0	0
पठानकोट	288	242	0	0	0
पटियाला	847	833	0	0	0
रूपनगर	524	509	2	1042	460
एसएएस नगर	424	344	0	0	0
संगरूर	374	373	23	2660	77
शहीद भगत सिंह नगर	422	423	0	0	0
श्री मुक्तसर	226	226	0	0	0

साहिब					
तरनतारन	460	276	15	3118	3118
कुल	12083	10283	386	53591	4581